मसालों के निर्यात के लिए निर्धारित लक्ष्य

779. **श्री कपिल सिब्बल:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में देश से मसालों के निर्यात के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये है;

(ग) गत वित्त वर्ष के दौरान अक्तूबर 1998 तक कितने मूल्य के कौन-कौन से मसाले कितनी-कितनी मात्रा में निर्यात किये गये हैं; और

(घ) क्या सरकार ने मसालों के निर्यात के लक्ष्य निर्धारित करने से पहले देश में मसालों के उत्पादन की प्रमात्रा को सुनिश्चित कर लिया था?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) और (ख) जी, हां। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मसालों का निर्यात लक्ष्य 164,300 लाख रुपए मूल्य का रखा गया है।

(ग) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान तथा अक्तूबर, 1998 तक निर्यातित मसालों के मूल्य के साथ निर्यातित मसालों की मात्रा तथा मूल्य निम्नानुसार है:

मात्रा: मीण्टन
मूल्य: लाख रु०

मद	निर्यात (1997-98)		निर्यात (अप्रैल—अक्तूबर, 98)	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
काली मिर्च	35,719	48741.32	18,000	34957.50
इलायची (छोटी)	297	1063.71	85	322.00
इलायची (बड़ी)	1,703	1260.05	600	428.00
मिर्च	42,489	13847.41	16,750	7250.00
अदरक	28,312	7189.75	7,700	2185.00
हल्दी	27,204	8015.01	14,500	6125.00
धनिया	21,188	5926.09	14,500	3010.50
सफेद जीरा	15,744	7928.44	7,650	4785.20
अजमोद	3,311	774.07	1,900	442.60
सौंफ	12,027	3535.02	3,600	1075.50
मेथी	5,529	917.79	3,200	607.70
अन्य बीज	3,738	885.91	1,350	305.00
लहसुन	3,986	814.57	2,650	254.75
अन्य मसाले (2)	17,316	5720.91	14,000	4850.00
कड़ी पाउडर	4,891	2295.48	2,850	1355.00
पुदीने का तेल	3,016	9593.56	1,600	4537.50
मसाले ओलियोरेजिन तथा अन्य तेल	2,351	22321.47	1,265	15010.00
कुल	228,821	140830.56	112,200	87501.25

(1) एनीसीड, बिशप वीड, डिल सीड, पोपी सीड, सरसों इत्यादि शामिल है।

(2) इमली, हींग, दालचीनी, तेजपात, कोकम, केसर आदि शामिल है।

स्रोत: डी जी सी आई एंड एस कलकत्ता मसाला बोर्ड।

(घ) मसालों सहित कृषिजन्य उत्पादों के निर्यात की अनुमति प्रदान करने से संबंधित सरकार की नीति मुख्यतः भारत की खाद्य सुरक्षा संबंध चिन्ताओं, कृषि आय को अधिकतम बनाने तथा विदेशी मुद्रा के अर्जन से अधिशासित होती है।

सामान्य खुले लाइसेंस (ओ॰जी॰एल॰) के अंतर्गत तिलहनों का आयात

780. **श्री ईश दत्त यादव:**
प्रो॰ रामगोपाल यादव:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सामान्य खुले लाइसेंस (ओ॰जी॰एल॰) के अंतर्गत तिलहनों के आयात की अनुमति प्रदान करने का निर्णय सिद्धान्ततः ले लिया है;

(ख) यदि हां, तो किस किस्म के और कितनी मात्रा में तिलहनों का आयात किया जायेगा और आयात की अनुमति देने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आयातित तिलहनों से निकाले जाने वाले तेल के उपयोग से देश में जलोदर जैसी बीमारी नहीं फैलेगी;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या है;

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार तिलहनों के आयात की अनुमति को वापस लेना चाहेगी; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) से (च) घरेलू बाजार में खाद्य तेल की उपलब्धता बढ़ाने, प्रसंस्करण मिलों का क्षमता उपयोग बढ़ाने तथा तेल खाद्यों के अतिरिक्त निर्यात के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से विखंडित तथा चटखे हुए सोयबीन के बीजों के आयात को दिनांक 15.10.98 से आयात की मुक्त सूची में रखा गया है, सूरजमुखी के बीजों तथा रेपसीड को भी दिनांक 15.10.98 से आयात की मुक्त सूची में रखा गया है। (पौधा संगरोध शर्तों के अनुसार)

Measures against Dumping of Steel

781. SHRI NILOTPAL BASU: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an appeal by the SAIL to take measures against dumping by some of the CIS, Asian and Eastern European countries is pending before the anti-dumping panel against dumping of steel in the country;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the time schedule for disposal of the appeal?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI RAMAKRISHNA HEGDE): (a) to (c) No, Sir. A petition, received from SAIL alongwith other domestic industry against dumping of Hot Rolled Coils, Sheets, Plates and Strips by the exporters from Russia, Ukraine and Kazakhastan, has been investigated by the Designated Authority appointed under the Customs tariff Act and the Rules made thereunder Levy of appropriate anti-dumping duties has been recommended by the Designated Authority, based upon which the Central Government has levied appropriate anti-dumping duties.

Steps to Curb Rising Prices

782. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) what are the details of the steps Government have of late taken to contain the rising prices of essential commodities within the country; and

(b) what has been the impact of each of these?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI RAMAKRISHNA HEGDE): (a) and (b) The Government has accorded the highest priority to the control and stabilisation of the prices of essential commodities. Apart from certain long term measures to increase the production